


### एक नजर में

## वाघेश्वर महादेव मंदिर में संतों के सानिध्य में महामृत्युंजय यज्ञ संपन्न



**बुरहानपुर ।** नगर के प्राचीनतम बागेश्वर महादेव मंदिर महाजनापेथ राजघाट में संतों की उपस्थिति में महामृत्युंजय यज्ञ संपन्न हुआ जिसमें महंत पुष्करानंद महाराज, नर्मदानंद महाराज, आत्म चैतन्य महाराज ,महंत शंकर चैतन्य महाराज, महंत रामदास महाराज सहित शुक्ला जी महाराज सतना ने के सानिध्य में मंदिर समिति द्वारा संपन्न कराया गया इस अवसर पर वार्ड वासी एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति रही इस आयोजन में बलराम अवतारी ,राहुल अवतारी,हेमंत महाजन,शुभम भावसार,भरत भाई ,भागवत नंदाने ,शुभम कल नारायन,जगदीश गुप्ता, श्रीमती शोभा गुप्ता ,श्रीमती मधु शाह,अशोक शाह उपस्थिति रहे।

## शिकारपुरा थाने की डायल 112 बनी महिला के लिए जीवन दायनी




**बुरहानुपर।** शिकारपुरा थाने की डायल 112 को विगत रात्रि 11.20 बजे एक इवेंट नंबर 26020405287 प्राप्त हुआ जिसमें कॉलर दर्शन पाटिल निवासी महाजनपेठ द्वारा बताया गया कि ग्राम महलगुलारा जीवन पाटिल वह हतनूर के आश्रम में महाशिवरात्रि की पूजा पाठ करने के लिए आया हुआ था जब वह पेशाब के लिए नदी के किनारे पर गया तब उसे महिला के चिल्लाने की आवाज आ रही थी तो तब उन्होंने आश्रम में सभी को बताया और महिलाओं को ढूंढने लगे तब उन्हें महिला नदी में दिखाई दी ,तब उन्होंने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी कि एक महिला हतनूर के ताप्ती ब्रिज के नीचे गिर गई है जो बचाओ के लिए चिल्ला रही है तत्काल डायल 112 मौके पर पहुंची और देखा कि एक महिला नदी में गिरी हुई है जो किसी चीज के सहारे गहरे पानी में है डायल 112 के पायलट पवन महाजन व प्रधान आरक्षक घीसालाल सिंह द्वारा गाड़ी के अंदर स्थित टूल किट में से रस्सा निकाल कर ग्रामीणों की मदद से महिला को बाहर निकाल कर थाने ड्यूटी अधिकारी को स्थिति से अवगत कराया गया , साथ ही महिला के परिजनों को घटना की सूचना दी गई। ग्रामीणों ओर राहगीरों ने डायल 112 स्टाफ की प्रशंसा की और धन्यवाद किया।

## कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा की बैठक ली



**बुरहानपुर।** सोमवार को कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय कार्यों, सीएम हेल्पलाइनए लंबित प्रकरणों एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा हुई। कलेक्टर श्री सिंह ने विभागों से स्वीकृत एवं वितरित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उद्योग, एनआरएलएम, कृषि, उद्यानिकी एवं सहकारिता विभाग की योजनाओं की प्रगति का आकलन किया। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निराकरण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार की देरी ना करें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों में लापरवाही अथवा देरी बरतने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिले में शेष पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये विशेष कैंप आयोजित करने के निर्देश दिये गये। वहीं खाद्यान्न वितरण व्यवस्था सुगमता से संचालित करने, एक बगिया मां के नाम अभियान को प्रभावी बनाने, एनआरसी कार्यो एवं पोषण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी समीक्षा की गई और सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में गंभीरता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री सृजन वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सेवेकरिओ द्वारा तीन महारुद्र की सेवा संपन्न



**बुरहानपुर।** जिले मे अखिल भारतीय श्री स्वामी समर्थ गुरुकुल पिठ त्रंबकेश्वर दिंडोरी प्रणित सेवा मार्ग के तहत परम पुज्य गुरुमाऊली 'अण्णासाहेब' 'मोरे' जी के आशिर्वाद से एवं तिनो गुरु पुत्र एवं मध्य प्रदेश प्रचार प्रमुख नितीन दादा पाटिल के अनमोल मार्गदर्शन से मध्यप्रदेश राज्य के महिला प्रचार प्रमुख अधिवक्ता प्रिती ताई पाटील की विशेष उपस्थिती में बुरहानपुर जिले के शाहपुर नगर के श्री स्वामी समर्थ केंद्र परिसर में आज रविवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष में शिव जी की अती प्रिय 'रुद्राभिषेक की सेवा' की गई जिस मे 'तीन महारुद्र' शिवमहीन्म कालभैरवाष्टकऔर लिंगा अर्चना द्वारा बिलव पत्र अर्पण सेवा की गयी जिसमे तीन सौ से अधिक सेवकरीयोने सामुहिक रूप से इस सेवा का लाभ लिया । महाशिवरात्री के पावन दिन पर जिले के शाहपुर नगर ,चापोरा , दापोरा ,अंडगाव , खामनी,फोपनार , तुरकगोराडा ,संग्रामपुर, नाचनखेड़ा , सिरसोदा , निंबोला, बुरहाणपुर सहीत अन्य ग्रामों के महिला पुरुष सभी सेवेकरी बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।गुरु माऊली जी ने रूद्र अभिषेक के तीर्थ का महिमा बताते हुए कहा हैं कि यह तीर्थ शराबी ए क्रोधी या अन्य व्यसनों में लिप्त व्यक्तियों को दिया जाएं तो वह शाकाहारी होंगे और उन व्यसनों से मुक्ति होगी इस मार्ग में सिर्फकर्म कांड ही नहीं होते । 'सामाजिक कार्य' भी होते हैं लोगों के कल्याण और सुदृढ़ और संस्कारी पीढ़ी बने विश्व कल्याण हो विश्व में शांति रहे इसके लिए 'ग्राम भियान के 18' विभागो द्वारा 'निशुल्क' कार्य किया जाता हैं ।



# बुरहानपुर में अधिवक्ता संघ की काम बंद हडताल, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

### शिवपुरी में अधिवक्ता की हत्या के खिलाफ





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानुपर जिला अधिवक्ता संध द्वारा कुछ दिन पूर्व शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता की निर्मम हत्या के विरोध में तथा एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने हेतु राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर बुरहानुपर को ज्ञापन सौंपा । उक्त ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री, चीफ जस्टिस ऑफ़ इंडिया, राज्यपाल महोदय मध्यप्रदेश, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन,मुख्य न्यायाधीश मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, गृह मंत्री मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधाई कार्य मंत्री मध्यप्रदेश शासन को भी प्रेषित की गई है।

जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सत्यनारायण वाद्य एवं सहसचिव निखिल मधुसुदन खंडेलवाल ने बताया कि कुछ दिन पूर्व शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता की निर्मम हत्या के विरोध में तथा एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने हेतु बुरहानपुर में सोमवार को वकीलो ने न्यायालयीन कामकाज पूरी तरह बंद रखते जहुवे प्रतिवाद दिवस मनाया गया। दोपहर 3 बजे जिला अधिवक्ता संघ द्वारा समस्त अधिवक्ताओं के साथ रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुचकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर बुरहानुपर को ज्ञापन सोपा । जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सत्यनारायण वाद्य ने बताया कि म.प्र. में अधिवक्ताओं पर हमला करने एवं जान से मारने के मामले सामने आने के बाद उनकी सुरक्षा का सवाल खड़ा हो गया है। शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता की निर्मम हत्या दुखद है। उनकी हत्या इसलिए कर दी गई की वह किसी प्रकरण में पैरवी कर नही सके। इस घटना से म.प्र. का अधिवक्ता दुखी और आक्रोशीत है। म.प्र. अधिवक्ता संध के आव्हान पर आज एक दिवस अधिवक्त अपने कार्य से विरत रहे। उक्त प्रकरण को फास्ट ट्रेक पर चलाने और अधिवक्ता सुरक्ष एक्ट लागं करने तथा मृतक के परिवार के सदस्य को शासकिय सेवा में रखने और मुआवजे के तौर पर 1 करोड रूपए की राशी दिए जाने की मांग की गई। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई।

## महाशिवरात्रि पर्व पर श्री अन्नपूर्णेश्वर महादेव मंदिर में विशाल भंडारा

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** रेणुका मंडी स्थित श्री अन्नपूर्णेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन एवं दिव्य अवसर पर अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ विविध धार्मिक अनुष्ठानों एवं विशाल भण्डारे का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर परिसर प्रात:काल से ही नम: शिवाय के जयघोष, घंटा.घड़ियाल एवं भजनों की मधुर ध्वनि से गुंजायमान रहा।

महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी पावन रात्रि में भगवान शिव और माता पार्वती का दिव्य विवाह संपन्न हुआ था। भगवान शिवए जिन्हें देवों के देव महादेव कहा जाता है, संहार और सृजन के प्रतीक हैं। वे भोलेनाथ हैं. अल्प प्रसन्न होने वाले, भक्तों के कष्ट हरने वाले, करुणामूर्ति। उनके मस्तक पर सुशोभित अर्धचंद्रए जटाओं से प्रवाहित पावन गंगा, कंठ में विराजमान सर्प और त्रिशूल धारण किए उनका स्वरूप संपूर्ण सृष्टि के संतुलन का संदेश देता है।

माता पार्वती, शक्ति और श्रद्धा की अधिष्ठात्री हैं। उनका तपए समर्पण और अटूट भक्ति इस बात का प्रतीक है कि सच्चे प्रेम, विश्वास और तपस्या से भगवान भी प्रसन्न होते हैं। शिव और शक्ति का यह दिव्य मिलन सृष्टि में संतुलन, ऊर्जा और जीवन के संचार का प्रतीक माना जाता है। महाशिवरात्रि की



रात्रि में उपवास, रुद्राभिषेक, बिल्वपत्र अर्पण और रात्रि जागरण का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन शिवलिंग पर जलए दूधए धतूरा और बेलपत्र अर्पित करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख.शांति एवं समृद्धि का आगमन होता है।

इसी आध्यात्मिक भाव के साथ मंदिर में प्रात:काल से रुद्राभिषेक, विशेष पूजन, श्रृंगार आरती एवं महामृत्युंजय मंत्र जाप का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख.समृद्धि,उत्तम वर्षा, भरपूर फसल और व्यापारिक उन्नति की प्रार्थना की।

इस अवसर पर मंडी के सम्मानित व्यापारीगणए किसान भाई,अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने भक्तिभाव से पूजन.अर्चन कर महाप्रसादी ग्रहण की। मंदिर समिति एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित विशाल भण्डारे में श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। सेवा कार्य में युवाओं एवं समाजजनों ने बढ़.चढ़कर भाग लियाए जिससे सामाजिक एकता और समरसता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत हुआ। पूरा मंदिर परिसर आकर्षक विद्युत सज्जा एवं पुष्प सज्जा से सुसज्जित रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष व्यवस्थाएं की गईं। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। यह पावन पर्व हमें त्याग,तप, संयम और श्रद्धा का संदेश देता है। भगवान शिव की कृपा से क्षेत्र में सदैव शांतिए समृद्धि और उन्नति बनी रहे, इसी मंगलकामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अखिल भारतीय बलाई महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार का स्वागत




**शाहपुर ।** शाहपुर में श्री संत रविदास समाज के द्वारा अखिल भारतीय बलाई महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार जी का स्वागत अभिनदंन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे कार्यक्रम के दौरान संत रविदास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया।

जिसमे पंकज काकडे, हिरामन निम्भोरे,जितेंद्र भोपले, प्रफुल्ल भटकर , सुनील सावकारे, धनराज भटकरे ,विजय डोडे ,मोहन यावतकर,किशोर सावकार, सोपान यावतकर,दीपक सोनवणे,पवन यावतकर, महेंद्र सूर्यवंशी,चेतन सावकारे,गणेश यावतकर एवं समस्त समाजन के लोग उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि शिव धाम बहादरपुर में धूमधाम से मनाई



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** महानिशीथ काल रात 12.00 बजे भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया एवं उपस्थित भक्तों के साथ मिलकर महा आरती की गई जिसमें सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे। शिवधाम गुरुजी एवं ज्योतिषाचार्य पं योगेश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर हजारों भक्तो ने आकर दर्शन अभिषेक पूजन किया जिसमे जिले सहित ग्रामीण क्षेत्र एवं महाराष्ट्र से भी भक्तो ने आकर दर्शन किये। गुरूजी ने बताया कि भगवान शिव का रात में अभिषेक पूजन कर रात्रि जागरण किया जाता है एवं धूमधाम से शिवरात्रि मनाई जाती है साथ ही उपस्थित भक्तों को भगवान शिव की कृपा आशीर्वाद स्वरुप नारियल धतूरा फूल और सिक्का दिया जाता है।

## आज के समय की जरूरत बना युवक-युवती परिचय सम्मेलन : डॉ . चौकसे

### 22 फरवरी को मैक्रो विजन एकेडमी में आयोजित कलाल समाज के वैवाहिक परिचय सम्मेलन।




**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** महिला मंडल जिला अध्यक्ष कलचुरी कलार समाज ने वैवाहिक परिचय सम्मेलन की वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए सभी महिलाओं ने संवाद और विचार व्यक्त किया उपस्थित सभी महिलाओं ने उत्साह से समाज सेवा का एक कार्य परिचय सम्मेलन में कार्य करने ए प्रचार प्रसार में अपनी भूमिका अदा करते हुए साड़ी कलर कोड निर्धारित कर उत्साह दिखाया यह कार्य शिवरात्रि के उपलक्ष में समाज महिला भजन मंडल की उपस्थिति में भजन कीर्तन करते हुए महिलाओं ने उत्साह के साथ स्वीकार किया और अपनी भूमिका का निर्वाह करने और सहयोग की बात की। इस पहल का उद्देश्य आपसी सहयोग समरसता और नारी सशक्तिकरण व सामाजिक विकास के लिए मिलकर काम करना है ।

इसी कड़ी में आगामी 22 फ्रवरी को मैक्रो विजन एकेडमी में आयोजित कलाल समाज के वैवाहिक परिचय सम्मेलन में सभी महिलाओं की उपस्थितिए समाज की अन्य महिलाओं युवक युवतियों को जोड़कर कार्यक्रम स्थल पर आने के लिए उत्साहित करना। समाज में 21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की युवतियों को सम्मेलन में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना। सम्मेलन में दिखाई दे रही कमी या भोजन कार्यक्रम में भोजन का अवमूल्यन होने पर भोजन बर्बादी को रोकना। अतिथियों को वर वधु की जानकारी से अवगत करवाना जैसी छोटी छोटी समस्याओं परेशानी को स्वयं के स्तर पर निपटाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाना है।

इस अवसर श्रीमती उर्मिला चौकसे,श्रीमती रीता चौकसे,सुनीता भमोरे ,योगिता चौकसे , स्नेह लता चौकसे, दीपिका चौकसे, सविता चौकसे, वैशाली चौकसे,चंचल चौकसे ,अभिलाषा चौकसे, रेखा चौकसे, रचना चौकसे, ममता शिवहरे, सुनीता शिवहरे, सोनाली चौकसे, सपना जायसवाल,रेखा चौकसे, नीतू चौकसे, साधना चौकसे ,मोनिका चौकसे, दीपिका चौकसे, सुजाता चौकसे,साधना चौकसे, कामिनी चौकसे ,कीर्ति चौकसे, रागिनी चौकसे एवं महिला भजन मंडल सदस्य उपस्थित रहे आभार श्रीमती रीना अमर चौकसी ने किया।

**एक नजर** | **बिजली के ट्रांसफार्मर से क्वाईल चोरी के शातिर अंतर राज्य चोर गिरोह को पकड़ने मे मिली सफ्लता।**

# सात आरोपियों को गिरफ्तार कर औजार, 80 किलो क्वाईल तांबे के तार, दो मोटर साइकिल जब्त

**बुरहानपुर / नेपानगर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा ट्रांसफार्मर से क्वाईल चोरी होने से किसानो के सिचाई का कार्य बाधित होता देख किसानो की समस्या को गंभीरता से लेकर चोरों को पकड़ने हेतु दिए थे सख्त दिशा निर्देश। आरोपीयो के द्वारा जिले में पीछले दो वर्षो में नेपानगर में 07 टांसफार्मर चोरी की घटनाएं, निम्बोला में कुल 07 टांसफार्मर चोरी की घटना, ,एथाना शाहपुर क्षेत्र मे कुल 40 ट्रांसफा चोरी की घटनाएं एवं थाना शिकारपुरा क्षेत्र मे कुल 01 ट्रांसफार्मर से काईल चोरी की घटनाए करना स्वीकार किया। पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेंद्र पाटीदार द्वारा बिजली के ट्रांसफार्मर से क्वाईल चोरी एल्यूमीनियम तार चोरी होने से किसानो के सिचाई का कार्य बाधित होता देख किसानो की समस्या को गंभीरता से लेकर समस्त थाना प्रभारी को इन चोरी की घटनाओं में चोर गिरोह को पकड़ने हेतु निर्देशित किया था। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश अनुविभागीय अधिकारी ;पुलिस नेपानगर निर्भयसिंह अलावा के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी नेपानगर निरीक्षक ज्ञानु को बिजली के ट्रांसफार्मर से क्वाईल चोरी के शातिर अंतर राज्य चोर गिरोह को पकड़ने मे सफ्लता प्राप्त हुई है।

**चोरी की घटनाओं का विवरण थाना नेपानगर:-** क्रमांक 01 थाना नेपानगर में वर्ष 2025 में ग्राम सीवल, साईखेडा, पलासुर में घटना दिनांक 30/11/25 को अज्ञात आरोपीयो के द्वारा तीन डीपीया तोडकर उसमें रखी क्वाईले कीमती 70,000/- चुराकर ले गये जिस पर अपराध क्रमांक 545/25 धारा 303;2 बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया था। क्रमांक 02 दिनांक 14ध12ध2025 को ग्राम बडीखेडा से मिलिंद पिता शंकर महाजन के खेत में लगी एक डीपी को रात्री में अज्ञात बदमाश ने तोडफोड कर क्वाईल 15,000 रूपये की चुराकर ले गये थे ।जिसमें अपराध क्रमांक 545/25 धारा 303,2 बीएनएस का अज्ञात आरोपीयो के विरूद्ध कायम किया गया था। क्रमांक 03 दिनांक 31.01.2026 को ग्राम सीवल मे पेट्रोल पंप के आगे भगवान पिता रामलाल जाति राजपुत निवासी नेपानगर के खेत से रात्री में दो विघुत ट्रांफा में तोडफोड कर तांबे की क्वाईल कीमती 80,000 रूपये चोरी कर ले गये जिस पर अपराध क्रमांक 45/2026 धारा



303;2 बीएनएस अज्ञात बदमाशो के खिलाफकायम कर विवेचना में लिया गया । क्रमांक 04 'दिनांक 10.02.2026 को फरियादी मनोहर पिता रघुनाथ पाटील जाति गुर्जर निवासी नेपानगर के सीवल स्थित खेत से एक विघुत ट्रांसफार्मर को तोडफोड कर उसमें से तांबे के तार कीमती 40,000 रूपये को कोई अज्ञात बदमाश रात्री में ले गये जिस पर अपराध क्रमांक 46/2026 धारा 303;2 बीएनएस का अज्ञात बदमाशो के खिलाफकायम कर विवेचना में लिया गया ।

जिले में लगातार हो रही ट्रांसफार्मर की चोरी की घटनाओ के कारण किसानो की फ्सल सुख रही थी एवं उनका भारी मात्रा में नुकसान भी हो रहा था।नई डीपी लगाने के लिए प्रति डीपी किसान एवं शासन को ढाई लाख रुपए का खर्च आता हैं। तथा डीपी चोरी होने के बाद सरकार की तरफसे डीपी लगाई जाती है। इस प्रकार पूरे जिले में सन 2024 से लेकर2025.2026 तक कुल 68 ट्रांसफार्मर चोरी के मामले घटित हुए, जिससे शासन को एक करोड़ सत्तर लाख रुपए का नुकसान हुआ है ।जो एक चिंता का विषय था

पुलिस अधीक्षक द्वारा समय.समय पर थानों का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को इन बिजली के ट्रांसफार्मर से क्वाईल चोरी के शातिर चोर गिरोह को पकड़ने हेतु क्षेत्र में रात्री गस्त बढाने एवं सख्ती से संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए थे। इस दौरान दिनांक 09/02/2026 को रात्री गस्त में चेकिंग के दौरान सउनि दुर्गाप्रसाद पाल एवं सैनिक चंद्रभान के द्वारा दो बदमाश जो स्कुटी से रात्री में जा रहे थे रोकने पर स्पीड से भागने लगे जिनका पीछा कर दोनो बदमाशो को पकडा नाम पता पुछने पर अपना नाम

अकरम पिता असलम खान 18 साल निवासी ख्वाजा नगर सावदा जिला जलगांव सरीफपिता नसीर तडवी पठान 50 साल निवासी ख्वाजा नगर सावदा जिला जलगांव का बताया जिन्हे थाना लाकर पुछताछ की पूछताछ पर आरोपीयो के द्वारा पीछले दो वर्षो से नेपानगर में '07' टांसफार्मर चोरी की घटनाएं एवं बुरहानपुर जिले के अन्य थाना क्षेत्र निम्बोला में कुल '07' टांसफार्मर चोरी की घटनाए थाना शाहपुर क्षेत्र मे कुल '40' ट्रांसफा चोरी की घटनाएं तथा थाना शिकारपुरा क्षेत्र मे कुल '01' ट्रांसफार्मर से काईल चोरी की घटना, करना एवं घटना में अपने अन्य साथीगण अकबर,प्रदीप, विनोद उर्फ युनुस,मेहमुद पिता बिसमिल्ला के साथ दिन में मोटर सायकिलो से आकर क्षेत्र के ट्रांसफार्मरों की रेकी करना एवं रात्री में अपने साथीगणों के साथ मिलकर सूने खेतो में लगे ट्रांसफार्मरो को बिजली के खंबे से कटर मशीन के द्वारा काटकर नीचे गिराना औजारो से ट्रांसफार्मर खोलकर उसमें रखी तांबे की कीमती क्वाईले चुराकर ले जाना एवं कुछ पुरानी चोरीयो का माल आरोपी कबाडी ;5द्ध शफी पिता अलाउददीन खटीक उम्र 58 साल निवासी खटीक मोहल्ला जिला जलगांव को बेचना बताया ।

आरोपी अकरम एवं शरीफकी पुलिस रिमांड प्राप्त की गयी एवं मामले में अन्य आरोपीगणों को गिरफ्तार किया जाकर माल मश्रुका बरामद किया गया।

मामले में अब तक कुल गिरफ्तार आरोपीगण अकरम पिता असलम खान 18 साल निवासी ख्वाजा नगर सावदा जिला जलगांव महाराष्ट्र , सरीफपिता नसीर तडवी पठान 50 साल निवासी ख्वाजा नगर सावदा जिला जलगांव महाराष्ट्र , अकबर पिता निजाम तडवी उम्र 30 साल निवासी मारूड थाना फेजपुर जिला जलगांव महाराष्ट्र , प्रदीप पिता नामदेव अडकमोल उम्र 51 साल निवासी बिटवा थाना निम्बोरा जिला जलगांव महाराष्ट्र , विनोद उर्फयुनुस पिता अहमद तडवी उम्र 40 साल निवासी खेराला थाना रावेर जिला जलगांव महाराष्ट्र , मेहमुद पिता बिसमिल्ला खा उम्र 56 साल निवासी उस्मानिया पार्क जलगांव महाराष्ट्र , कबाडी शफी पिता अलाउददीन खटीक उम्र 58 साल निवासी खटीक मोहल्ला जिला जलगांव महाराष्ट्र है।

उपरोक्त सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाकर आरोपीगणों के दवारा काफी समय से संगठित होकर अपराध घटित किया जा रहा था जो मामले में संगठित अपराध की धारा 112 बीएनएस एवं 139 म.प्र. विधुत अधिनियम की धारा का इजाफा किया गया है एवं आरोपीगणों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त औजार पाने, पिंचीस, तोल काटा, इलेक्ट्रीक कटर से कुल 80 किलो क्वाईल तांबे के तार घटना में प्रयुक्त दो मोटर सायकल क्रमांक एमपी 12 एमजी 0583 बजाज डिस्कवर एवं एक हिरो स्पेंडर बिना नंबर की एवं स्कुटी क्रमांक एमएच 19 बीआर 3918 कुल कीमती मश्रुका करीबन 5,15,000 रूपये की बरामदगी की गई । आरोपियों का पुलिस रिमांड लेकर अन्य चोरी के संबंध में पूछताछ कर माल बरामदगी की जाएगी।

**सराहनीय भूमिका:-** निरीक्षक ज्ञानू जायसवाल थाना प्रभारी नेपानगर, उपनिरीक्षक शाहबुददीन कुरैशी, उनि हेमेन्द्रसिंह चैहान नेपानगर,सउनि दुर्गा प्रसाद पाल, प्रणआर 259 संदीप पटेल, आर 24 सचीन जाधव, आर 346 गजेन्द्र, सैनिक 14 चंद्रभान आर ललीत सायबर सेल बुरहानपुर की सरहानीय भूमिका रही ।